**विस्तार** | अदाणी और अंबानी के बाद श्री सीमेंट भी लगाने जा रही यूनिट, नवम्बर में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में होगा आवंटन पत्र वितरण

# धुरियापार से गीडा तक होगा 200 एकड़ जमीन का आवंटन

- दीवाली तक डीपीएस से लेकर लाइफ केयर्स हॉस्पिटल को जमीन के आवंटन की संभावना
- मुख्यमंत्री के हाथों उद्यमियों को दिया जा सकता है आवंटन पत्र



"200 एकड़ जमीन के आवंटन की तैयारी है। दीवाली तक आवंटन पूरा करने का प्रयास है। इसमें औद्योगिक भूखंड के साथ कमर्शियल व आवासीय भूखंड होंगे।

– अनुज मलिक, सीईओ

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** अदाणी ग्रुप की सीमेंट और केयान ग्रुप की डिस्टिलरी फैक्ट्री के लिए जमीन आवंटन के बाद गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण भीटी रावत से लेकर धुरियापार में 200 एकड़ जमीन का आवंटन करने की तैयारी में है। इसमें औद्योगिक, व्यवसायिक से लेकर आवासीय मिलाकर कुल 150 भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। दीवाली तक श्री सीमेंट, डीपीएस से लेकर लाइफ केयर्स हॉस्पिटल को जमीन आवंटन होने की संभावना है।

पिछले दिनों अदाणी ग्रुप के साथ ही श्री सीमेंट ने 500 करोड़ रुपये के निवेश की डीपीआर गीडा को सौंपी थी। लेकिन पिछली बार श्री सीमेंट ने जमीन के लिए आवेदन नहीं किया था। माना जा रहा है कि श्री सीमेंट्स नए सिरे से जमीन के लिए आवेदन कर सकता है। इसी के साथ लाइफ केयर्स हॉस्पिटल ने 500 करोड़ निवेश के लिए जमीन की मांग की है।

वहीं, डीपीएस की नई ब्रांच भी गीडा क्षेत्र में शुरू हो सकती है। डीपीएस ग्रुप की तरफ से 50 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव गीडा को दिया गया है। इसी के साथ ईएसआईसी का प्रस्ताव 150 करोड़ रुपये के निवेश का है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों अदाणी ग्रुप की सीमेंट फैक्ट्री और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर अमृत बॉटलर्स को जमीन का आवंटन हुआ है। इसी क्रम में केयान ग्रुप को भी धुरियापार में जमीन का आवंटन हुआ है। 30 नवम्बर को गीडा के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री के हाथों उद्यमियों को आवंटन पत्र दिया जा सकता है।

## दीवाली तक पूरी होगी आवंटन प्रक्रिया

माना जा रहा है कि गीडा की तरफ से नवरात्र में 200 एकड़ जमीन के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा सकता है। दीवाली तक आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो सकती है।